सहमति ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

यह सहमति ज्ञापन (Memorandum of Understanding)आज दिनांक:16 अगस्त 2022 को निम्नवत-

प्रथमपक्ष – राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खुसरो बाग, रामपुर

द्वारा,प्रोफेसर (डॉ)दीपाअग्रवाल, प्राचार्य

एवं

द्वितीयपक्ष-राजकीय महाविद्यालय रजानगर, स्वार, रामपुर

द्वारा,प्रोफेसर (डॉ)महबूब अली गौरी, प्राचार्य

के बीच पारस्परिक सहयोग की भावना से दर्ज किया जाता है जहां उपरोक्त दोनों पक्ष **महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली** से संबंध उत्तर प्रदेश शासन की राजकीय शिक्षण संस्थाएं हैं तथा जो निम्न बिंदुओं के अनुसार सहमत हैं कि-

1. दोनों पक्ष एक दूसरे के परिसर में उपलब्ध भौतिक सुविधाएं, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं का प्रयोग शिक्षा एवं शिक्षार्थियों के हित में कर सकेंगे।
2. दोनों पक्ष आवश्यकता अनुसार शैक्षिक, सहशैक्षिक, शिक्षणेत्तर एवं शोध कार्यों में पारस्परिक सहयोग करेंगे।
3. दोनों पक्ष एक दूसरे के बौद्धिक संपदा के अधिकार (intellectual property right) का सम्मान करेंगे।
4. दोनों पक्षों के आंतरिक Internal Quality Assurance Cell (IQAC) अपने समन्वयको के माध्यम से पारस्परिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु समन्वय रखेंगे।
5. यह पारस्परिक सहमति ज्ञापन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों (प्राचार्य)द्वाराहस्ताक्षरित करने की तिथि से पाँचवर्षों (05) के लिए प्रभावी होगा तथा दोनों पक्षों की लिखित सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।
6. सहमति ज्ञापन को समाप्त करने के लिए कोई भी एक पक्ष दूसरे पक्ष को ज्ञापन समाप्त करने की तिथि से 06 माह पहले सूचित करेगा। ज्ञापन समाप्त करने से पूर्व तत्समय जारी गतिविधियों को पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

दिनांक 16 अगस्त 2022 को दो प्रतियो में तैयार कर हस्ताक्षरित किया-

वास्ते प्रथम पक्ष,	वास्तेद्वितीयपक्ष,
राजकीयरज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर	राजकीय महाविद्यालय रजानगर,स्वार, रामपुर
प्रोफेसर (डॉ)दीपाअग्रवाल	प्रोफेसर (डॉ)महबूब अली गौरी
प्राचार्य	प्राचार्य
Govt. Raza P.G. College Principal Rampur	प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, रज़ा नगर स्वार, रामपुर (उ.प्र.)